मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति का कार्यालय,
जमशेदपुर–831012

पत्रांकः– 1048

प्रेषक :

विशेष पदाधिकारी,
मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति,
जमशेदपुर।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य शहरी विकास अभिकरण,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
झारखण्ड, राँची।

मानगो/ दिनांकः– 07/06/16

विषय :–मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत सामुदायिक शौचालय –सह– प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण कार्य के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयांकित कार्य के संबंध में भवदीय द्वारा दूरभाष पर दिये गये निर्देश के अनुपालन में सादर सूचित करना है कि मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय –सह– प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण कार्य योजना की निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ऐजेन्सी– मेसर्स तारा कन्स्ट्रक्शन, तामरिया रोड साक्ची, जमशेदपुर को कार्य आवंटित किया गया है। उक्त योजना कार्य हेतु संबंधित ऐजेन्सी के साथ एकरानामा कर दिनांक–06.06.2016 को कार्यदेश निर्गत किया गया है, तथा आज दिनांक–07.06.2016 को चिन्हित भूखण्ड पर इस कार्यालय में कार्यरत अभियंताओं द्वारा योजना कार्य का Layout Plan देने के पश्चात् कार्यकारी ऐजेन्सी द्वारा योजना का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

निदेशानुसार उक्त योजना कार्य के संबंधित भूखण्ड की विवरणी मानचित्र सहित इस पत्र के साथ संलग्न कर भवदीय को समर्पित की जा रही है।

अनु० :– यथोक्त्।

विश्वासभाजन

7-06.16

विशेष पदाधिकारी,
मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति,
जमशेदपुर।

07/06/16

नाम - मानगो अधिसुचित क्षेत्र समिति

वार्ड सं० - 09

चादर सं० - 02

राजस्व थाना - घाटशिला

जिला - पूर्वी सिंहभूम

सामुदायिक शौचालय सह प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण के संबंधित भूमि की विवरणी

खाता नं० -	प्लाट नं० -	रकबा
908	4925, 249, 5032 (P)	50'x80' (4000 वर्ग फीट) (सरकारी भूमि)